जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर
दिनांक : 27.08.2025

प्रेस विज्ञप्ति
(सं. 2025–26/391)

**<u>71वीं अखिल भारतीय रेलवे टेबल टेनिस चौम्पियनशिप 2025–26 का आयोजन 27 से 31 अगस्त तक जयपुर में</u>**

***<u>महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने किया शुभारंभ</u>***

उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघठन के तत्वाधान में 71वीं अखिल भारतीय रेलवे टेबल टेनिस चौम्पियनशिप 2025–26 का आयोजन रेलवे ऑफिसर्स क्लब, जगतपुरा, जयपुर में दिनांक 27.08.25 से 31.08.25 तक किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार 05 दिनों तक चलने वाली 71वीं अखिल भारतीय रेलवे टेबल टेनिस चौम्पियनशिप 2025–26 में कुल 15 टीमों के लगभग 90 खिलाडी भाग ले रहे है, जिनमें 13 टीम पुरूष व 07 टीम महिला वर्ग में भाग ले रही है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री अमिताभ, महाप्रबंधक/उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा किया गया। शुभारंभ समारोह में महाप्रबंधक महोदय द्वारा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए टीम भावना से खेलते हुए जीत की शुभकामनाएं भी दी।

इस प्रतियोगिता में 38 स्पर्धाओं में 08 एकल तथा 30 टीम स्पर्धाएं आयोजित होगी जिनमें सुतीर्था मुखर्जी, ऑलम्पियन एवं एशियाई खेलों में कास्य पदक विजेता, आकाश पाल, वर्ल्ड टेबल टेनिस में स्वर्ण एवं रजत पदक विजेता, पोयमंती बैस्या वर्ल्ड टेबल टेनिस में रजत पदक विजेता, जैसे प्रख्यात खिलाडी भी भाग लेंगे।

शुभारंभ के अवसर पर महाप्रबंधक के साथ श्री अशोक माहेश्वरी/अपर महाप्रबंधक, श्री पीके सिंह, अध्यक्ष – उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संगठन एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, श्री अनुज कुमार तायल, सचिव–उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ एवं सचिव महाप्रबन्धक, श्री जितेन्द्र कुमार, ओएसडी स्पोर्टस, सभी विभागाध्यक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे के कई अधिकारी,

कर्मचारी, कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी एवं प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतियोगी एवं ऑफिशियल्स सम्मिलित हुए।

प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 31.08.2025, रविवार को आयोजित किया जाएगा।

**वरि. जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**